राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद,
बिहार, पटना।

पत्रांक :- 1116 /पटना, दिनांक :- 15.06.2020

प्रेषक,

डॉ० रमेश कुमार सिंह,
परीक्षा नियंत्रक,
राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद,
टेक्नोलॉजी भवन, पटना–15.

सेवा में,

सभी प्राचार्य,
राजकीय पोलिटेकनिक,
राजकीय महिला पोलिटेकनिक,
निजी पोलिटेकनिक।

विषय :– **Diploma I / II (Old / New) , III Semester (L.E.), IV (Old / New) , V** (बहिष्कृत) एवं **VI (Old / New) / Semester, Part Time Diploma(Even) Semester** के संबंधित छात्र / छात्राओं को परीक्षा संबंधित सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि विश्व व्यापी महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने एवं उससे बचाव के संबंध में सरकार द्वारा समय–समय पर समूचित दिशा–निर्देश एवं आदेश निर्गत किये जा रहे हैं। ऐसी विषम परिस्थिति में पोलिटेकनिक संस्थानों में शैक्षणिक कार्य **On-line Mode** से सम्पन्न् कराया गया है। छात्र / छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित **Semester** की परीक्षाओं के संचालन के संबंध में जून के अन्तिम सप्ताह में परीक्षा पर्षद की बैठक सम्पन्न् होने की सम्भावना है। सरकार के निदेशानुसार परीक्षा सम्पन्न् कराने की कार्यवाई की जाएगी। विदित हो कि परीक्षा के संबंध में अभी परीक्षा पर्षद द्वारा किसी प्रकार का निर्णय नही लिया गया है। यदि परीक्षा से संबंधित बोर्ड का कोई भी निर्णय होता है तो उसे शीघ्र ही संस्थानों को सूचित कर दिया जाएगा।

अतएव अनुरोध है कि छात्र / छात्राओं को उक्त आशय की सूचना दे दी जाय। साथ ही अपने संस्थान के **Website** पर भी इसे अपलोड किया जाय।

सूचनार्थ ।

विश्वासभाजन,

15.06.2020

परीक्षा नियंत्रक,
राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद,
बिहार, पटना।

15/06/2020